तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

11 किरंदुल के मातृका ग्रुप बनी गरबा नाइट की विजेता



12 समलेश्वरी एक्सप्रेस 10 घण्टे विलम्ब से पहुंची शहर





## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम स्थल लालबाग का मंत्री ने किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जगदलपुर प्रवास को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने लालबाग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर संजय पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, रंजीत पांडे, मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, रोहित त्रिवेदी, अमित रामटेके, परेश ताटी उपस्थित रहे।

### ग्रामसभा में ग्रामीणों को दिखाया गया नजरी नक्शा

**जगदलपुर।** जनपद पंचायत बकावंड के ग्राम पंचायत संधकरमरी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर ग्राम सभा का आयोजन सरपंच जयमनी कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। गांधीजी के छाया चित्र पर पुष्प चढ़ाक़र नमन किया गया। आदि कर्मयोगी 5 साल के कार्ययोजना को ग्राम सभा में सचिव के द्वारा पढ़ कर सुनाया गया। गांव का नजरी नक्शा तैयार किया गया, उसे भी ग्राम सभा मे दिखाया गया। ग्राम सभा में सोनसाय कश्यप उपसरपंच सुकरी कश्यप, सोनतोराम नाग, सचिव घेनवाराम,सहायक सचिव पुरन सकता, गंगाराम तिलकराम, मोहन सुशेला ,मंगलवार, अवधेश, गुरबंधू पंच गण और नागरिक मौजूद रहे।

### कुम्हड़ाकोट पहुंच महाराजा ने ग्रामीणों के साथ खायी नये चावल की खीर

# सैकड़ों देवी देवताओं की अगुवाई में कुम्हड़ाकोट के जंगल से विजय रथ की हो गई वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा की प्रमुख रस्म बाहर रैनी रथ परिक्रमा शुक्रवार शाम कुम्हड़ाकोट के जंगल से शुरू हुई। परम्परानुसार किलेपाल परगना के ग्रामीणों के साथ महाराजा ने नए चावल का खीर खाया जिसे नयाखानी रस्म कहा जाता है। इसके उपरांत भीतर रैनी रस्म में चोरी कर ले जाया गया विजय रथ को वापस दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी के सामने लाया गया। इसे खींचने के लिए कोड़ेनार-किलेपाल परगना से हजारों की संख्या में आदिवासी पहुंचे थे।

■ रथ परिक्रमा देखने हजारों की संख्या में लगा लोगों का हुजूम

गौरतलब है कि गुरुवार को भीतररैनी रथ परिक्रमा के दौरान विजय रथ को चोरी कर सिंहड्यौड़ी के सामने से लगभग 3 किमी दूर कुम्हड़ाकोट के जंगल ले जाया गया था। परम्परानुसार विजय रथ को किलेपाल परगना के ग्रामीणों द्वारा चोरी कर ले जाया जाता है। वहीं रथ को वापस लाने के लिए महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव लाव लश्कर के साथ कुम्हड़ाकोट पहुंचे यहां परम्परानुसार ग्रामीणों को मनाकर उनके साथ नयाखानी में शामिल हुए। महाराजा कमलचन्द भंजदेव यहां बने सिंगार लाड़ी (झोपड़ी) में अपनी कुल देवी को नया अन्न अर्पित करते हुए जनता के साथ नयाखानी पर्व सम्पन्न किया। नया खाने के दौरान बस्तर सांसद व दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, राजगुरू व अन्य लोग मौजूद थे। नयाखाई के बाद कुम्हड़ाकोट से दंतेश्वरी मंदिर के सामने रथ को वापस लाया गया जिसे बाहर रैनी पूजा विधान के नाम से जाना जाता है। रथ परिक्रमा से पूर्व यहां सैकड़ों की संख्या में सेवादार देवी देवताओं को लेकर पहुंचे थे। नयाखाने के बाद सैकड़ों देवी देवताओं की अगुवाई में कुम्हड़ाकोट के जंगल से विजय रथ की वापसी हुई। नया खाने के बाद रथ को वापस परिक्रमा करते हुए सिंहड्यौड़ी लाया गया।





**लाव लश्कर के साथ महाराजा सुसज्जित वाहन में हुए सवार :** रथ परिक्रमा के दौरान छग के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश व तेंलगाना से भी देवी-देवता शामिल होने पहुंचे थे। परम्परानुसार इन सभी देवी-देवताओं के प्रतीकों को एक जगह पर स्थापित करके सम्मान दिया जाता है। मांईं जी के साथ-साथ सभी देवी-देवताओं की भी पूजा-आराधना के बाद नए अन्न से बने भोग-प्रसाद अर्पित किया जाता है। रथ के आगे महाराजा भी सुसज्जीत वाहन में सवार थे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नर्तक दल वाद्ययत्रों के साथ चल रहे थे। दन्तेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी मांई जी के छत्र के साथ रथ में सवार होकर तथा राजपरिवार के सदस्य रथ के सामने अपने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# आज आएंगे अमित शाह, चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दशहरा के मौके पर आने से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बीएसएफ के विमान से सुबह 12:05 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आगमन होगा। यहां से दंतेश्वरी मंदिर देवी दर्शन के लिए अमित शाह का काफिला रवाना होगा। सिंहड्योढ़ी में स्थित दंतेश्वरी मंदिर में 12:15 बजे देवी दर्शन और पूजा अर्चना के बाद सिरहासार में मुरिया दरबार में शामिल होंगे। रियासत काल में सिरहासार का स्वरूप झोपड़ी जैसा रहा। वहां राजा पूरे संभाग से पहुंचे मांझी, चालकी, पटेल, कोटवार, मेंबर, मेंबरिन से समस्या सुनकर मौके पर ही निराकरण करते थे। यह पहला मौका है जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुरिया दरबार में मौजूद रहेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, कई मंत्री और आला अधिकारी के सामने बस्तर के ▶▶| शेष पेज 10 पर



■ लालबाग में स्वदेशी मेला मंच पर होगा संबोधन, समाजों के साथ करेंगे भोजन

### तीन घंटे रहेंगे शहर में केंद्रीय गृहमंत्री

यहां से अमित शाह और सारे अतिथि लालबाग की ओर प्रस्थान करेंगे। जहां लगभग 1 घंटे 13:25 से 14:30 बजे तक स्वदेशी मेला प्रदर्शनी का अवलोकन और अमित शाह का संबोधन होगा। बताया जा रहा है कि ढाई से 3 बजे तक लगभग आंधा घंटे का समय आरक्षित किया गया है। जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री विभिन्न समाजों के साथ भोजन करेंगे। उसके बाद लालबाग से ही हेलीकाप्टर से रवाना होकर एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से बीएसफ के विमान से रवाना हो जाएंगे। इस तरह लगभग 3 घंटे का अमित शाह का शहर में कार्यक्रम है।

# मुठभेड़ में मारा गया गंगालूर एरिया कमेटी मेंबर आयतु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित गमपुर-पुरंगेल के जंगलों में गुरुवार सुबह हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्त गंगालूर एरिया कमेटी मेंबर आयतु पोड़ियाम के रूप में हुई है। इस पर पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित था। मौके से सुरक्षाबलों ने हथियार, विस्फोटक समेत अन्य सामान बरामद किया है।

■ गमपुर-पुरंगेल के जंगलों में हुई मुठभेड़, पांच लाख का था ईनाम घोषित



बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि मारे गए नक्सली की शिनाख्त ग्राम गमपुर निवासी आयतु पोड़ियाम 35 वर्ष एसीएम गंगालूर एरिया कमेटी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुठभेड़ हुई जो रुक-रुक कर चलती रही। पुलिस को भारी पड़ता देखकर नक्सली भाग खड़े हुए। जिसके बाद मुठभेड़ स्थल ▶▶| शेष पेज 10 पर

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai
समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116



JDP_BHOOMI_04_2025-02_Layout 1 10/3/2025 9:25 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम होगा 6 को

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर संभागीय सीजी कनेक्ट कार्यक्रम में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर 06 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक प्रेरणा हॉल, कलेक्ट्रेट कार्यालय जगदलपुर में दोपहर 12 बजे से होगी। कार्यक्रम में उद्योग संचालनालय रायपुर के संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। वे उद्योग स्थापना के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024–30 से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिससे उद्योगपतियों और नए उद्यमियों को स्पष्ट दिशा मिल सके। इस संभाग स्तरीय कार्यक्रम में कोण्डागांव जिले के सभी उद्योगपति एवं नए उद्यमी आमंत्रित हैं। उन्हें सीधे अधिकारियों से संवाद करने और अपनी समस्याओं का समाधान पाने का अवसर मिलेगा।

### संभागीय उपाध्यक्ष प्रेम और महासचिव योगेंद्र बनाए गए




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मानव संसाधन विकास समिति एवं सामाजिक कार्यों में अच्छी क्रियाशीलता को देखते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा संभागीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें प्रेमदास मानिकपुरी को संभागीय उपाध्यक्ष एवं योगेंद्र कुमार कश्यप को संभागीय महासचिव बस्तर संभाग नियुक्त किया गया है। साथ ही अपेक्षा की गई कि वे राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के नियमों का प्रतिपालन करते हुए बस्तर संभाग में कार्य करेंगे तथा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर आम जनों के हितों में संविधानानुसार कार्य करेंगे।

### लोगों को जागरूक करने लगाए गए सूचना पटल

**जगदलपुर।** वन्य प्राणी एवं मानव द्वंद से बचाव के लिए वन विभाग बस्तर वन मंडल ने बस्तर जिले विभिन्न संवेदनशील जगहों पर लोगों को जागरूक करने सूचना पटल लगाए गए। उक्त जानकारी वन विभाग उप वन मंडलाधिकारी चित्रकोट एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने दी।

### 954 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले 24.58 लाख राजस्व वसूला



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के बस्तर जिला अंतर्गत धनपूंजी स्थित बेरियर में सीमावर्ती राज्यों के 759 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिन पर शिकंजा किया। इस तरह से बेरियर से जाने-आने वाले लगभग 954 वाहनों से 24 लाख 58 हजार 844 रूपए जुर्माना किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के 179 वाहनों से 2 लाख 29 हजार 500, सीमावर्ती राज्य के 759 वाहनों से 17 लाख 74 हजार 900, यानकर टीपी एक लाख 50 हजार 005, यानकर पीएसवी 71 हजार 230, टैक्स बकायादार 5 वाहनों से 43 हजार 409 एवं 11 ई-चालान से एक लाख 89 हजार 800 रूपए वसूल किया गया। साथ ही वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है। वे परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेरियर में विशेष जांच अभियान में उन वाहनों के विरूद्ध या जो कोयला, रेत, गिट्टी सहित अन्य खनिजों का परिवहन बिना तिरपाल लगाए कर रहे थे। ऐसे वाहनों की सघन जांच कर नियमानुसार चालानी कार्रवाई कर राजस्व समझौता शुल्क वसूल किया जा रहा है।

**वाहनों पर होगी सख्ती :** बेरियर धनपूंजी के प्रभारी एवं निरीक्षक शेष नारायण ध्रुव ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। बेरियर में 24 घंटे वाहनों की जांच की जा रही है, इसलिए चालक एवं मालिक नियमों का पालन करें।

---

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

# बिजली बिल वृद्धि और कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने किया भगदेवा सब स्टेशन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रदेश में बढ़ती बिजली दरों और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोण्डागांव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने उमरकोट मार्ग स्थित भगदेवा बिजली सब स्टेशन का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर उपभोक्ताओं को महंगे बिल और बिजली संकट से परेशान करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार मनोज रावटे को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया भाजपा सरकार ने घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट कहते हुए बिलों में 4 से 10 गुना तक वृद्धि कर दी है। कृषि पंपों पर बिजली दरों की भारी वृद्धि से किसानों की उत्पादन लागत बढ़ गई है। उपभोक्ताओं पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष झुमुक लाल दीवान ने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रदेश में बिजली संकट गहराता जा रहा है। गांव–गांव में बिजली कटौती आम हो गई है। महंगे बिल थमाकर उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय करन, जिला महामंत्री रितेश पटेल, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, हेमा देवांगन, गुणमती नायक, प्रीति भदौरिया, नीलू देवांगन, जनपद सदस्य जयराम मरकाम, भारत देवांगन, अनुराग पटेल, भंगी पटेल, शिवलाल मंडावी, पीलाराम, लखमू कोर्राम, योगेंद्र राठौर, डमरू यादव, लोकमन दीवान, लक्ष्मण पांडे, सतीश नेताम, मानसिंह नेताम, हरिचंद नेताम, छबि नेताम, कमलोचन नेताम, फूलचंद मंडावी, बावा नेताम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और ग्रामीण मौजूद रहे।

- कोण्डागांव में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन




## बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



**केशकाल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशाअनुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रतिराम मरकाम के नेतृत्व में बिजली बिल में हो रही लगातार बढ़ोतरी के विरोध में केशकाल बिजली ऑफिस का घेराव किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित कार्यक्रम प्रभारी देवचंद मातलाम उपस्थित रहे मीडिया को संबोधित करते कार्यक्रम प्रभारी देवचंद मातलाम ने सरकार पर आरोप लगाते कहा बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई हैं बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है।

सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बढ़े हैं, जिसके चलते हो रहे नुकसान की भरपाई भी जनता से वसूली करके करना चाहती है। प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। राज्यपाल के नाम ज्ञापन के माध्यम से हम सरकार से निवेदन करते हैं सरकार इस निर्णय को वापस लें।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, पार्षद राजेंद्र ठाकुर ,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीपाल कटारिया ,नरेश सलाम, आई टी सेल जिला अध्यक्ष रवि गोयल,सुमिरन शोरी , अमरसिंह मरकाम,श्यामलाल नेताम, प्रवेश मरकाम, गोकुल नेताम, हीरा सिंह नेताम, राकेश पांडे ,कमल पटेल नरसिंह कांगे , राजेश पोया,सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जल उपस्थित रहे।

## बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने विद्युत कार्यालय घेरा

**धनोरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बिजली बिल में हो रही लगातार बढ़ोतरी के विरोध में आज स्थानीय विद्युत कार्यालय का घेराव किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशाअनुसार घेराव किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी गिरधारी सिन्हा ने सरकार पर आरोप लगाते कहा बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई हैं बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है।

- भाजपा सरकार ने लगातार बढ़ोतरी की, उपभोक्ता परेशान

सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है भाजपा सरकार। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल



ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। अस्पतालों उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है।

भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। राज्यपाल के नाम ज्ञापन के माध्यम से सरकार से दर बढ़ोतरी के निर्णय को वापस लेने की मांग करते हैं।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य कपिल कांत नाग, धनोरा सरपंच नोहरू मंडावी,जनपद सदस्य इरागांव घसिया सेठिया, प्रवीण बरनवाल, सौरभ सिंह ठाकुर, सनत कुलदीप, जागेश पटेल, निलेश नेगी, योगेश्वर बघेल, विजय नाग, किशोर परिहार, रविराज, बलराम मरकाम, प्रभू यादव, नरसिंग मंडावी, अशोक मंडावी, संदीप पटेल, समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे*।

---

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**फारसगांव।** थाना पुलिस ने नाबालिक पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को रिपोर्ट के चंद घंटे में ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि पीड़िता का 02 अक्टूबर को पेट दर्द होने से ईलाज हेतु अस्पताल लाये , जहाँ डॉक्टर द्वारा चेक करने पर नाबालिक पीड़िता 08 माह का गर्भवती होना बताया।

- पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर किया बलात्कार, पीड़िता 8 माह की गर्भवती

पीड़िता से पूछताछ पर सामने आया कि 2 दिसम्बर 2024 को सोनाबेड़ा का देवनाथ नेताम कुछ काम है, कहकर पीड़िता को मक्का बाड़ी के आम झाड़ के नीचे बुलाया और नाबालिक जानते हुए पीड़िता के साथ छेड़छाड करने लगा मना करने पर धमकी देकर जबरदस्ती बलात्कार किया और किसी को बतायेगी तो जाने से मार दूंगा कहकर धमकी देकर पीड़िता के साथ कई बार बलात्कार किया। पीडिता डर के कारण किसी को नहीं बतायी। प्रार्थी



के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध कमांक 125/2025 धारा 64 (2) (आई) (एम), 65 (1), 351 (3), बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी ने स्वीकारा अपराध, कोर्ट में किया जाएगा पेश :** प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिंन्दे के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आरोपी देवनाथ नेताम पिता सिंघराम नेताम उम्र 26 वर्ष निवासी सोनाबेड़ा प्लाटपारा थाना फरसगांव को पता तलाश बाद थाना लाकर पूछताछ करने पर दिनांक घटना समय को पीड़िता के साथ जुर्म कारित करना स्वीकार करने एवं अन्य साक्ष्य सबूत के आधार पर 2 अक्टूबर गुरुवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा ।

## बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों का करेंगे आनलाइन पंजीयन 20 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव।** बस्तर ओलंपिक 2025 के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक पंजीयन कर सकते हैं। यह आयोजन बस्तर क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिका जूनियर वर्ग में शामिल होंगे, वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी सीनियर वर्ग में भाग ले सकेंगे। सीनियर वर्ग के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साकशी केवल सीनियर महिला वर्ग के लिए खेल आयोजित होंगे। जबकि हॉकी और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी सीधे संभाग स्तर पर भाग लेंगे। खिलाड़ियों का पंजीयन ऑनलाइन अनिवार्य है। इसके लिए फोटो, आधार नंबर और बैंक खाता नंबर आवश्यक होंगे। पंजीयन जनपद पंचायत कार्यालय, सभी शासकीय विद्यालयों और खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, विकासनगर में कराया जा सकता है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर। जिला स्तरीय प्रतियोगिता कोंडागांव 5 से 15 नवम्बर तक। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जगदलपुर 24 से 30 नवम्बर तक होगी।

**विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार –** जिला स्तर पर व्यक्तिगत खेलों में प्रथम तीन स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 2000, 1500 और 1000 रुपए डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे। दलीय खेलों में विजेता दलों को क्रमशः 4000, 3000 और 2000 रुपए सीधे खाते में दिया जाएगा।

## बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने बिजली ऑफिस का किया घेराव

**कोण्डागांव/ माकड़ी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी के नेतृत्व में शुक्रवार को बिजली कार्यालय का घेराव और तालाबंदी की गई। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कांग्रेस शासन में बिजली पूरी और बिल हाफ मिलता था।

- भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ गरजे कांग्रेसजन, सौंपा ज्ञापन

भाजपा सरकार में आम जनता को बिजली आधी और बिल दस गुना महंगा देना पड़ रहा है। यह किसानों, मजदूरों और गरीब उपभोक्ताओं के साथ सीधा अन्याय है।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने बिजली बिलों की दरों में कटौती नहीं की, तो आने वाले समय में आंदोलन और भी तेज और उग्र किया जाएगा। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, बिजली उपभोक्ताओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

## अंतर्राज्यीय सारेगामा प्रतियोगिता में प्रथा बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कोंडागांव की कालीबाड़ी दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के दौरान 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक अंतर्राज्यीय सारेगामा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के 43 गायक कलाकारों ने ऑडिशन दिया। इनमें से 12 प्रतिभागियों को दो समूहों में विभाजित कर मुख्य मुकाबले में शामिल किया गया। पहले दिन समूह 'अ' और दूसरे दिन समूह 'ब' से कुल 6 फाइनलिस्ट चुने गए।

- कोण्डागांव में सजी संगीतमय शाम
- सुधाकर राव द्वितीय, देवतोष श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे

विजेता प्रथा दूबे खैरागढ़ 31,000 एवं स्मृति चिन्ह। द्वितीय सुधाकर राव उमरकोट, ओडिशा 21,000। तृतीय देवतोष श्रीवास्तव बिलासपुर 11,000 अन्य प्रतिभागी राजकुमार डोंगरे, शिवानी सोनानी एवं विश्वजीत शाहा को 2,100 प्रोत्साहन राशि दी गई। वॉयस ऑफ




किशोर कुमार के नाम से प्रसिद्ध गायक बलराज शर्मा ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### निर्णायक मंडल एवं सहयोग

निर्णायक मंडल में विथिका कर, अनुप विश्वास और राजेंद्र राव शामिल रहे। मंच संचालन जगदलपुर से आए अफजल अली ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मनीष श्रीवास्तव, राजाराम त्रिपाठी, टी. एंकट राव, विश्वजीत कर सहित कालीबाड़ी समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

---

### इन्द्रावती नदी पुराने पुल में शाम 6 बजे तक 6 मीटर जलस्तर पहुंचा

# खातिगुड़ा डेम से पानी छोड़ने से बस्तर में बना बाढ़ का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर से सटे ओड़िसा के नवरंगपुर में इन्द्रावती जल परियोजना खातिगुड़ा डेम(जलाशय) में जलस्तर में भारी वृद्धि होने से डेम से पानी शुक्रवार रात को छोड़ने का संकेत मिला है। खातिगुड़ा डेम से पानी छोड़ने से इन्द्रावती नदी के डाउन स्ट्रीम बस्तर में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इस सम्बंध में इन्द्रावती नदी परियोजना मंडल नवरंगपुर(ओड़िसा) के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने 2 अक्टूबर को कलेक्टर बस्तर को ई-मेल के जरिये सूचना प्रेषित कर संभावित बाढ़ से निपटने आवश्यक तैयारी करने कहा है।

- 8 मीटर से ज्यादा जलस्तर पहुंचने परतटीय क्षेत्र डूबने का बना खतरा

ई-मेल संदेश में बस्तर कलेक्टर को जानकारी साझा करते कहा कि जलाशय का स्तर 1 अक्टूबर की रात जलस्तर 640 मीटर पहुंच गया है। वर्तमान में डेम में पानी का प्रवाह 500 क्युमेक प्रति घण्टे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है। डेम का जलस्तर 642 मीटर फुलटेंक लेवल तक पहुंचने के लिए और 2575.157 क्युमेक पानी वृद्धि होने से डेम से अतिरिक्त पानी छोड़ना पड़ सकता है। नियमानुसार डेम का जलस्तर 641.50 मीटर पर बनाये रखना आवश्यक है। 2 अक्टूबर को जलाशय में जलस्तर में वृद्धि होकर 640.20 मीटर तक पहुंच गया है तथा जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इधर मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार वायुमंडल में एक अवदाब बना है। जिसके कारण इन्द्रावती नदी के खातिगुड़ा डेम के कैचमेंट क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण डेम में जलाशय में पानी की आमद असामान्य रूप से वृद्धि हो रही है। इसे ध्यान में रखकर खातिगुड़ा एवं मुरुम बांध से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है।



#### मुनादी कराई गई है

खातिगुड़ा डेम से पानी छोड़ने बस्तर में बाढ़ के खतरे से बचाव के लिए सम्बंधित तहसील के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है। नदी तट के गांव में मुनादी कराई गई है। वैसे पानी 1500 क्युमेक पानी छोड़ने से बाढ़ का ज्यादा खतरा बस्तर में नही रहेगा। बाउजूद नदी तट के क्षेत्रों में सघन निगरानी के लिए पटवारी-राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।
**सीपी बघेल,** अपर कलेक्टर बस्तर

#### इन्द्रावती नदी पुराने पुल पर देर शाम जलस्तर 5.72 मीटर पहुंचा

ओड़िसा में हो रही भारी बारिश और इन्द्रावती नदी के ऊपर स्ट्रीम में स्थित खातिगुड़ा डेम क्षेत्र में भारी बारिश होने से जगदलपुर के पुराने पुल साइट में शुक्रवार की शाम 5 बजे जलस्तर 5.91 मीटर तक जा पहुंचा। वैसे 8 मीटर के बाद बस्तर में बाढ़ का खतरा बन जाता है। इन्द्रावती नदी परियोजना मंडल के कार्यपालन अभियंता वेद पांडे ने बताया खातिगुड़ा डेम से आज शुक्रवार की रात पानी छोड़ा जाएगा। पांडे के अनुसार डेम से 1500 क्यू. अतिरिक्त पानी छोड़ने के संकेत है।

### पेज 9 के शेष

#### सैकड़ों देवी देवताओं की...

वाहन पर सवार होकर आगे-आगे चलते हुए विभिन्न चौक-चैराहों तथा मुख्य मार्गों से होता हुआ राजमहल के सामने सिंहड्योड़ी में पहुंचाया गया। परिक्रमा के दौरान आकर्षक आतिशबाजी व रथ परिक्रमा देखने हजारों की संख्या में परिक्रमा मार्ग में लोग मौजूद थे।

#### आज आएंगे अमित...

आदिवासी लाल, गुलाबी, नीला, पीला पगड़ीधारी विभिन्न परगनाओं के प्रतिनिधि अपनी बात रखेंगे। सिरहासार के भीतर मीडिया प्रतिनिधि भी नहीं रहेंगे। जगह की कमी और सुरक्षा को देखते हुए सिरहासार के बाहर एलईडी लगाकर लाइव कवरेज की व्यवस्था की गई हैं। लगभग पौन घंटे 12:35 से 13:20 बजे तक मुरिया दरबार का समय निर्धारित किया गया है। दशहरा पर्व के इस प्रमुख रस्म में चंद प्रमुख लोगों को ही बोलने का मौका मिल सकेगा।
**आम लोगों का इन मार्गों पर नहीं होगा आवागमन :** विमानतल से सिरहासार और लालबाग तक का पूरा मार्ग कड़ी सुरक्षा के साए में रहेगा। दशहरा की भीड़ के कारण यातायात पुलिस ने आम लोगों के लिए कई मार्गों को प्रतिबंधित किया है। जहां 4 पहिए वाहन प्रवेश नहीं कर पाऐंगे।

#### मुठभेड़ में मारा गया...

से वर्दीधारी नक्सली के शव के अलावा बीजीएल लांचर, सिंगल शॉट बंदूक, बीजीएल सेल, जिंदा राउंड, वॉकी-टॉकी, टीफिन बम, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, माओवादी वर्दी एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सेड़वा एवं बड़े कड़मा में ग्रामसभा का आयोजन



**दरभा।** दरभा विकास खंड के सेड़वा एवं बड़े कड़मा ग्राम पंचायतो में ग्रामसभा का आयोजन कर आदि कर्मयोगी आदि सेवा केंद्र गांव को 2030 तक समृद्ध गांव के रूप में विकसित करने हेतु 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान विलेज़ विजन प्लान का ग्राम सभा, अनुमोदन किया गया। विकासखंड दरभा के आदि कर्मयोगी अधिकारी कर्मचारी आदि साथी आदि सहयोगी वालिंटिअर्स एवं नोडल अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सिंह सहायक नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह बघेल उपस्थिति रहे।

### कोरलापाल एवं मसेनार में राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का हुआ श्रम पंजीयन



**गीदम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत कोरलापाल एवं मसेनार में आरसेटी द्वारा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का 30 दिवस प्रशिक्षण उपरांत असेसमेंट किया गया एवं प्रशिक्षुओं का श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन किया गया। इसके साथ ही सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मनरेगा अंतर्गत हो रहे कार्य एवं श्रम विभाग अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे मे जानकारी दी गई।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के पंडालो में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन दिन भर होते रहा। नगर में विराजित आधा दर्जन से भी अधिक दुर्गा पंडालो में नौ दिनों तक मां की विधिवत पूजा अर्चना की गई। महाअष्टमी और महानवमी के दिन नगर में जगह जगह भंडारा का आयोजन किया गया था। जहां हजारो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न दुर्गोत्सव समितियो द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व नगर में झांकी निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर में माता के जसगीतो से भक्तिमय माहौल बना रहा लोग डीजे की धुन में थिरकते हुए भी नजर आए। नगर के जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति हारम, तहसील साहू समाज दुर्गोत्सव समिति, शिवम दुर्गोत्सव समिति, नवयुवक दुर्गोत्सव समिति समेत विभिन्न दुर्गोत्सव समिति द्वारा आज नगर में विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की झांकी निकाली गई। सभी समितियों ने माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन के नियमो का पालन करते हुये किया। नम आंखों से विदाई देते हुए भक्तो ने मां की प्रतिमाओ का विसर्जन किया।

■ विभिन्न दुर्गोत्सव समितियो द्वारा विसर्जन से पूर्व निकाली गई माँ दुर्गा की झांकी



# मां दुर्गा को सिन्दूर खेला रस्म के साथ दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली बंगाली कैंप मे विजयादशमी के दूसरे दिन मां दुर्गा को सिन्दूर खेला रस्म के साथ विदाई दी गई। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिन्दूर लगाया और सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मांगा। समिति के अंतिम दिन के दुर्गा उत्सव में मां दुर्गा को दर्पण विसर्जन के बाद विदा किया गया। यह रस्म मुख्य रूप से बंगाली हिंदू महिलाओं द्वारा मनाया जाता है, परंपरा के अनुसार विवाहित महिलाएं इस पर्व में हिस्सा लेती है और पूरे रीति रिवाज से इस रस्म को पूरा करती है। ऐसा माना जाता है कि यह रस्म विवाहित महिलाओं के लिए सौभाग्य लाती है और उनके पति की उम्र लंबी होती है यही वजह है कि सिन्दूर खेला शादीशुदा महिलाओं के लिए बेहद खास होता है।





## रिक्रिएशन क्लब में बेस्ट टैलेंट शो गरबा नाइट का आयोजन

# किरंदुल के मातृका ग्रुप बनी गरबा नाइट की विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

शारदीय नवरात्र के अवसर पर रिक्रिएशन क्लब में बीटीएस यानि बेस्ट टैलेंट शो द्वारा गरबा नाईट का इस वर्ष चौंथा सीजन का आयोजन शानदार तरीके से कराया गया। 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक हुए इस गरबा नाईट में अंतिम दिन फाइनल में 17 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमे किंरदुल के मातृका ग्रुप विजेता रही वही द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः एन जे ग्रुप बचेली व सिम्पल डांसर ग्रुप बचेली रही। बीटीएस के सदस्य सलमान नवाब ने बताया कि हमारा उदेश्य है स्थानीय प्रतिभा को मंच प्रदान करना। तीन दिन के इस कार्यक्रम में पहले दिन विभिन्न समाज के द्वारा गरबा के माध्यम से




अपने समाज के संस्कृति को दर्शाया गया। दूसरे दिन सभी बचेली वासियो के ओपन गरबा का आयोजन किया गया। तीसरे दिन प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल में मुख्यतिथि श्रीधर कोडाली, परियोजना प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक बीआईओएम, टी . शिवा (मुख्य महाप्रबंधक) खनन, महेश नायर (महाप्रबंधक) मानव संसाधन, विशेष अतिथि पालिकाध्यक्ष राजू, टीजे शंकरराव, आशीष यादव थे। आयोजन में बीटीएस समिति के करन सिंह, सलमान नवाब, स्माइल सोनी, सुमित चैहान, सुजीत सिंह, राकेश नेतमा, मनीराम भास्कर, तेमन सिंह सिद्धार्थ सोनी , नरेश,राहुल, दिलीप, कृष्णा,हरीश, बेनू,वीरेंद्र व अन्य का योगदान रहा।

# अपूर्ण आवासों का कारण जानने हितग्राहियों से मिली सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में प्रगति लाने कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे जिला स्तर पर बैठक आहूत कर निरंतर समीक्षा करने के साथ ही ग्राम पंचायत वार नोडल नियुक्त किए हैं। इसी कड़ी में जिला सीईओ ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पापनपाल, धनोरा में हितग्राहियों के घर घर जाकर निर्माणाधीन आवास का स्वतः ही निरीक्षण किया। आवास हितग्राहियों और जमीनी अमले से मिलकर अपूर्ण आवास का कारण जान समस्याओं का निराकरण कर आवास जल्द पूर्ण करने संबंधित को निर्देशित केयिा हैं। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच पंच एवं ग्राम के वरिष्ठ जन से आवास योजना में प्रगति लाने के उद्देश्य से आवश्यक चर्चा की।

■ पापनपाल, धनोरा में हितग्राहियों के घर घर जाकर निर्माणाधीन आवास का किया निरीक्षण

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9,721 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें जल्द पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि वंचित और जरूरतमंदों को उनके सपनों का आशियाना मिल सके। इसके अलावा श्रीमती चौबे ने नव निर्माणाधीन पंचायत भवन एवं सीएससी सेंटर का भी निरीक्षण किया।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर हुआ सफाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर पालिका बड़े बचेली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र भेंट कर उनकी सेवाओं को नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने की वक्ताओं ने गांधी और शास्त्री के आदेशों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी,सेवा और



स्वच्छता का प्रतीक रहा है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में स्वच्छता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी,पार्षद धन सिंह नाग मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सफाई कर्मचारियों को समाज का वास्तविक आधारस्तम्भ बताते हुए उनके अमूल्य योगदान की सराहना की गई। आयोजन में उपस्थित नागरिकों ने भी स्वछता और सेवा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन, बालक एवं बालिका छात्रावास, मेस भवन, स्टाफ व सर्वेंट क्वार्टर, बाउंड्री वाल और पहुँच मार्ग सहित चल रहे कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवन को अक्टूबर तक प्लिंथ बीम स्तर तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसी

■ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा



तरह बालिका छात्रावास का भूतल स्लैब भी अक्टूबर माह तक पूरा हो और मेस भवन का ग्राउंड फ्लोर तथा सर्वेंट क्वार्टर का प्रथम फ्लोर शीघ्र निर्मित हो। उन्होंने पहुँच मार्ग पर मिट्टी, मुरुम और गिट्टी का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बड़े वाहनों की आवाजाही निर्बाध रूप से हो सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आस्था-2 विद्या मंदिर जिला प्रशासन का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो आने वाले समय में स्थानीय छात्रों के लिए एक शैक्षणिक हब के रूप में विकसित होगा। ऐसे में इसके निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉन्ट्रैक्टरों से संवाद भी किया, उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया।

### स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने कुआकोंडा में नये निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरों और कांट्रैक्टर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हो और किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में लगाए जाने वाले सभी विद्युत उपकरण शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त हों और भवन में सीवेज की कोई समस्या न आए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शिशु मंदिर में मनाई गई विजयादशमी पर्व एवं गांधी-शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विजयादशमी पर्व, महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती उत्साहपूर्वक बनाई गई। विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विजयदशमी पर्व



और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के विषय पर आचार्य दीदीयो व भैया बहनों ने अपने विचार रखे। प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बच्चों को बताया कि 2 अक्टूबर 1869 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था। दोनों महानायकों ने देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान दिया। वहीं बुराई के ऊपर अच्छाई का विजय का पर्व विजयदशमी है व यह पर्व प्रतिवर्ष पूरा भारत देश में मनाया जाता है।

# अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को अपनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

किरंदुल परियोजना में स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता मार्च, कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को समापन समारोह परियोजना विद्यालय बीआईओपी स्कूल के सभागार में किया गया।

■ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम समापन

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने




महात्मा गांधी के फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। समारोह में मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि स्वच्छता हमारी व्यावहारिक चीज है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए। ये हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखती है। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार मुख्य अतिथि के करकमलो से विजेताओं को वितरित किए गए।

समारोह में के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक विद्युत संयंत्र, एस.के.कोचर, महाप्रबंधक खनन, देवरायलू, अध्यक्ष, रौशन मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष, एसकेएमएस, ए.के.सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, मो.तनवीर जावेद, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस.के.पांडे, उप महाप्रबंधक सिविल, अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक पर्यावरण सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पारितोष तिवारी, सहा.प्रबंधक मानव संसाधन और धन्यवाद ज्ञापन अभिजीत मिश्रा, वरि.प्रबंधक मानव संसाधन ने किया।

बस्तर दशहरा पर्व-2025 के शुभ अवसर पर
कोसा एण्ड कॉटन हाथकरघा वस्त्र
आमंत्रण प्रदर्शनी सह विक्रय
प्रवेश निःशुल्क
20% छूट
दिनांक : 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर - 2025 तक
समय : प्रातः 11.00 से रात्रि 10:00 तक
स्थान - लालबाग ग्राउण्ड, जगदलपुर, स्वदेशी मेला
स्टॉल नं 17 से 26
मुख्य आकर्षण- महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
सिल्क एण्ड कॉटन के आकर्षक हैण्डलूम आईटम
- उत्कृष्ठ कलात्मक कोसा साड़ियां
- कोसा मलमल,कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, सूती साड़ियां, दुपट्टा, शर्टिंग, बेडशीट
- पीलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, कुर्ता-पायजामा, गमछा
- नेहरू जैकट, दरी एवं और भी बहुत कुछ..
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, जगदलपुर

# विधायक ने मेटावाड़ा में पानी टैंकर देकर पेयजल संकट से दिलाई राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

ग्राम पंचायत मेटावाड़ा में पेयजल संकट को देखते हुए विधायक विनायक गोयल ने ग्रामवासियों को राहत पहुंचाने पानी टैंकर का वितरण किया।

ग्रामवासियों ने विधायक गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने समय पर सहायता पहुंचाकर ग्रामीणों की समस्या को समझा और समाधान किया। इस अवसर पर गोयल ने कहा जनता की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। जब तक गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंचती, तब तक विकास अधूरा है। हम हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चन्द्रकान्ता भण्डारी, मण्डल महामंत्री मेघराज ठाकुर, मुन्ना कश्यप एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अमित शाह का आगमन आज, किरण देव ने स्थल का लिया जायजा



जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शनिवार को जगदलपुर प्रवास को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने लालबाग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, मनोहर तिवारी, गोविंद ईनाणी साथ रहे।

### नैमेड़ बाजार एवं बस स्टैंड में चला सफाई अभियान



जगदलपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 214वीं वाहिनी ने कमांडेंट के.डी. जोशी के नेतृत्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच विभिन्न सफाई कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न सीटीयू, राष्ट्रीय राजमार्ग 63 एवं नेमेड बाजार एवं बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की गई। इस दौरान वाहिनी के कार्मिकों व आम नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### स्वदेशी मेला में लगा एलआईसी का स्टाल



जगदलपुर। लालबाग में लगे स्वदेशी मेला में भारतीय जीवन बीमा निगम का स्टाल भी लगाया गया है। जहां लोगों को एलआईसी के उत्पाद की जानकारी दी जा रही है। जगदलपुर के सहायक शाखा प्रबंधक विकास पाण्डेय और प्रशासनिक अधिकारी थामस फिलिप स्टाल में 22 सितंबर से केंद्र सरकार द्वारा बीमा पालिसी पर लग रहे 18 प्रतिशत जीएसटी को शून्य करने की जानकारी देकर बीमा लेना सस्ता होना बता रहे है। वहीं शाखा के वरिष्ठ अधिकर्ता भी स्टाल में उपस्थित होकर बीमा लेना क्यों जरूरी है यह जानकारी दे रहे हैं। बच्चों से लेकर महिलाएं और वृद्ध जनों के लिए एलआईसी के उत्पाद बताया जा रहा हैं। 1 से 8 अक्टूबर तक लालबाग में स्वदेशी मेला चलेगा। जहां प्रतिदिन अधिकारी और अभिकर्ता बीमा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

### वाकथान में 80 साल के उर्जावान का होगा सम्मान, 5 को सुबह 7 बजे होगी शुरू

जगदलपुर। विश्व पैदल चाल दिवस के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे इंटर नेशनल हेल्थ एंड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा बालक-बालिका, महिला,पुरुष के लिए तीन किलोमीटर वाकथान होगा। वाकथान श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउनहॉल से आरंभ होकर आकाशवाणी रोड से कमिश्नर कार्यालय होते हुए चांदनी चौक से, न्यू नरेंद्र टाकिज होते हुए संजय मार्केट, हनुमान मंदिर से कृष्णा पेट्रोल पंप होकर वापस टाऊन हॉल में समाप्त होगी । वाकथान का उद्देश्य नागरिकों को प्रेरित करना है कि पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। साथ ही नगर के वरिष्ठ नागरिक जो विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान दिया है जो आज 80 वर्ष की आयु पार कर भी उजार्वान , सक्रिय व क्रियाशील है उनका सम्मान करना है। इस वाकथान को निर्धारित समय पर पूरा करने वालों को टी शर्ट, मेडल, प्रमाणपत्र, ब्रेकफास्ट पैकेट दिया जाएगा।

# बस्तरवासियों में प्रकृति व वन्यजीव संरक्षण पर जागरूकता फैलाना : निदेशक

## मैना मैराथन पर 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रकृति की गोद में किया दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान तीरथगढ़ में गुरूवार को सुबह आयोजित मैना मैराथन किया गया। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैना मैराथन में प्रतिभागियों ने प्रकृति की गोद में दौड़ लगाते हुए स्वस्थ जीवन शैली, पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। मैराथन की शुरूआत कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई, उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों और विशेषकर बस्तरवासियों में प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। मैराथन का उद्देश्य वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर लोगों में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती स्टायलो मंडावी, एसडीओ कमल तिवारी, रेंजर, डिप्टी रेंजर, वन विभाग के कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।





### पहाड़ी मैना को संरक्षित करें

मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती स्टायलो मंडावी ने कहा कि पहाड़ी मैना सहित अन्य वन्यजीवों को संरक्षित करें। साथ ही खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और सभी युवाओं को हर प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए। युवा अवस्था में शारीरिक रूप से फिट रहना बहुत जरूरी है और जिससे जीवन में कभी भी दिक्कत नहीं आती है।

## कोरापुट-रायगड़ा रेल लाइन घाट सेक्शन में भारी बारिश, पटरी पर पेड़ गिरा

# समलेश्वरी एक्सप्रेस 10 घण्टे विलम्ब से पहुंची शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ओडिशा में पिछले 3-4 दिनों से भारी बारिश की वजह से कोरापुट-रायगड़ा रेल लाइन 10 घण्टो तक बाधित रही। बताया गया कि केआर रेल लाइन के घाट सेक्शन लिलिगुमा-भालुमस्का स्टेशन के मध्य वन आच्छादित क्षेत्र में पटरी के ऊपर विशाल पेड़ गिरने की वजह से गुरुवार को हावड़ा से जगदलपुर आ रही समलेश्वरी एक्सप्रेस लगभग 10 घण्टो तक बाधित रही। रात्रि 11 बजे जगदलपुर पहुंचने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस दूसरे दिन शुक्रवार पूर्वान्ह साढ़े 10 बजे जगदलपुर पहुंच दोपहर साढ़े 12 बजे हावड़ा के लिए रवाना हुई।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम हावड़ा से निकली समलेश्वरी एक्सप्रेस दूसरे दिन गुरुवार शाम 4 बजे रायगड़ा पहुंची। रायगड़ा से शाम 4.40 को जगदलपुर निकली लगभग 10 किमी गंतव्य की ओर रवाना हो रही कि शाम 4.55 बजे केवतिगुड़ा के आगे जगदलपुर की ओर वनाच्छादित क्षेत्र में भारी बारिश के चलते पटरी के ऊपर विशाल गिरने से समलेश्वरी एक्सप्रेस के पहिये केवतिगुड़ा में थम गई। वहां 3 घण्टे खड़ी रहने के बाद यात्री भूख से परेशान हो गए। यात्रियों की मांग पर रेलवे मंडल रायगड़ा के निर्देश पर ट्रेन को वापस रायगड़ा रवाना किया गया। रात्रि भोजन यात्रियों ने रायगड़ा में किये। इस बीच पटरी पर गिरे पेड़ को हटाने पश्चात समलेश्वरी एक्सप्रेस सुबह 5 बजे जगदलपुर के लिए रवाना हुई,और दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे जगदलपुर पहुंची। यहां 2 घण्टे खड़ी रहने के बाद दोपहर साढ़े 12 बजे हावड़ा के लिए रवाना हुई। इस तरह समलेश्वरी एक्सप्रेस लगभग 10 घण्टे विलम्ब होने से आज हावड़ा जाने वाले यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### हीराखण्ड-राउरकेला को असर नही

केआर रेल लाइन में चलने वाली भुवनेश्वर-जगदलपुर और राउरकेला-जगदलपुर आने-जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस-इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनो पर बाधित लाइन का असर नही हुआ। राउरकेला एक्सप्रेस और हीराखण्ड एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पर सुबह 11 बजे एवं सुबह 6 बजे जगदलपुर पहुंची। राउरकेला एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 2.10 बजे राउरकेला के लिए एवं हीराखण्ड एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय शाम साढ़े 4 बजे गंतव्य की ओर रवाना हुई।

## केंद्रीय गृहमंत्री के प्रवास के चलते ट्रैफिक एडवायजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वाहनों को किया गया प्रतिबंधित
- कुम्हारपारा, शहीद पार्क, मिताली चौक दंतेश्वरी मंदिर मार्ग, स्टेट बैंक व गोलबाजार चौक मार्ग रहेगा प्रतिबंधित

बस्तर दशहरा की प्रमुख रस्म मुरिया दरबार में शामिल होने एक दिवसीय प्रवास में आ रहे केन्द्रीय गृहमंत्री के प्रवास को देखते हुए ट्रेफिक एडवायजरी जारी की गई है। प्रवास के दौरान कुम्हारपारा, शहीद पार्क, मिताली चौक दंतेश्वरी मंदिर मार्ग, स्टेट बैंक व गोलबाजार चौक मार्ग को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन ने बताया कि शनिवार को व्हीआईपी प्रवास को देखते हुए आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए सुरक्षा को देखते हुए सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी जारी किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर जगदलपुर मार्ग की ओर से आवाजाही करने वाले यात्री बस, दुपहिया, चारपहिया व छोटी वाहनों व आम जनता के लिए आवागमन बोधघाट थाना के पीछे हाटकचोरा रोड से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की ओर जा सकेगें। वहीं आवागमन के लिए लालबाग मार्ग प्रतिंबध रहेगा। इसके अलावा भारी वाहनों का जगदलपुर शहर में प्रातः 7:00 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवेश वर्जित रहेगा। इस दौरान आपातकालीन सेवा से संबंधित वाहन को प्रतिबंध से छुट रहेगा। मंच में बैठने वाले अतिथि एवं मीडिया के लिए पहुंच मार्ग जगदलपुर शहर स्टेट बैंक चौक से होकर कोतवाली तिराहा, आईजी बंगला तिराहा से लालबाग ग्राउण्ड सनसिटी मार्ग तक जा सकेगें।

### अमित शाह के सुरक्षा के मद्देनजर 6 घंटे तक शहर नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

जगदलपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास के दौरान 4 अक्टूबर को जगदलपुर शहर को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक 6 घंटे के लिए नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। अपर जिला दण्डाधिकारी ने जारी आदेश में इसे तत्काल प्रभावशील बताया हैं।

# गांधी के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गांधी जयंती पर विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में को महात्मा गांधी जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो शरद नेमा, कुलसचिव देवचरण गावड़े, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू डॉ नीरज वर्मा, डॉ संजय डोंगरे,डॉ सिया लाल नाग,पूर्णेन्द्र मिर्धा, डॉ डिगेश्वर,डॉ कृष्णा वर्मा व अन्य प्राध्यापक,अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण, अधिकारिगण,शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। सभी ने महात्मा गांधी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए एवं उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में माननीय कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी एवं अहिंसा के सिद्धांत विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। गांधीजी का जीवन संघर्ष, सत्य, संयम एवं अहिंसा के द्वारा देश को आजादी दिलायी। आज की वैश्विक परिस्थितियों में गांधीजी के सिद्धांत, विशेष रूप से अहिंसा, केवल भारत ही नहीं,अपितु समस्त विश्व के लिए मार्गदर्शक हैं। महात्मा गांधी के जीवन,उनके विचारों और विशेष रूप से अहिंसा के सिद्धांत पर हमे चलना चाहिए। महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और सादगी का प्रतीक है। आज के समय में जब सामाजिक और वैश्विक चुनौतियाँ हमारे सामने हैं,गांधीजी के विचार अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में गांधीजी के विचार केवल ऐतिहासिक नहीं,बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से अत्यंत प्रासंगिक हैं। युवाओं को उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सामाजिक बदलाव में सहभागी बनना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## मुरिया दरबार में सम्मलित होंगे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मांझी चालकी की सांसद महेश कश्यप ने ली बैठक

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म कल होने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति रहने वाली है। आयोजन को लेकर सांसद एवं दशहरा समिति अध्यक्ष महेश कश्यप ने आज तहसील कार्यालय में मांझी-चालकी के साथ बैठक की। कश्यप ने कहा कि मुरिया दरबार बस्तर दशहरे की गौरवशाली और ऐतिहासिक परंपरा है, जिसकी पहचान देश विदेश तक है। इस बार गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक में संबंधित अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी और विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

भारतीय हस्तशिल्प Indian Handicrafts Continuing Tradition
वस्त्र मंत्रालय MINISTRY OF TEXTILES
india Craft NATION
कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के सौजन्य से आयोजित
गांधी शिल्प बाजार
Gandhi Shilp Bazaar
हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री मेला में देश के कोने-कोने से आये हस्तशिल्प कलाकारों द्वारा निर्मित अनुठे एवं उत्कृष्ट उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी
प्रवेश निःशुल्क
स्थान : लालबाग मैदान जगदलपुर
दिनांक : 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक
समय : सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक
प्रवेश निःशुल्क
लगाया जा रहा है जिसमें भारत के प्रदेशों से आए शिल्पी अपनी हस्त निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन करेंगे जो पूरी तरह स्वदेशी होंगे। आप अपने परिवार के साथ आयें और भारतीय कला एवं संस्कृति की समृद्ध विरासत का अनुभव करें।
आइये खरीदें और भारतीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करें।



आयोजक : माँ शारदा लोक कला मंच, जगदलपुर